वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 68 मंगलवार 2 जुलाई 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### मिलावटों की कार्रवाई पर हर महीने देनी होगी रिपोर्ट

## हाईकोर्ट ने कहा-सर्वे के अनुसार 70 फीसदी दूध में पानी



### सीएस की अध्यक्षता में कमेटी बनाने के निर्देश

**जयपुर. कासं**

राजस्थान हाईकोर्ट ने मिलावटी खाद्य पदार्थों को लेकर स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लिया हैं। जस्टिस अनूप कुमार ढंढ ने मामले में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए इसे वैश्विक समस्या बताया हैं। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि सरकारें मिलावट के मुद्दे को गंभीरता से ले। जिससे वर्तमान की रक्षा और भविष्य की सुरक्षा हो सके। वहीं लोगों के जीवन को बचाया जा सके। अदालत ने खाद्य पदार्थों में मिलावट पर गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, कृषि मंत्रालय, राज्य के मुख्य सचिव, एसीएस गृह, एसीएस खाद्य सुरक्षा और एसीएस स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य से जवाब मांगा हैं।

### शुद्ध के लिए युद्ध अभियान को त्यौहार और शादी सीजन तक सीमित नहीं रखें

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि राज्य सरकार शुद्ध के लिए युद्ध अभियान को केवल त्यौहार या शादी सीजन तक ही सीमित नहीं रखे बल्कि नियमित तौर पर इसे चलाए। अदालत ने कहा कि लोग आज अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में हमें यह पता लगाने के लिए कम समय मिलता है कि हम जो भी खा रहे हैं वह हमारे लिए सुरक्षित है या नहीं। अदालत ने निर्देश दिया कि संबंधित अधिकारी खाद्य पदार्थों में मिलावट के लिए नियमित सैंपल लें और महीने के अंत में रिपोर्ट पेश कर बताएं कि उन्होंने इसे रोकने के लिए क्या कार्रवाई की। अदालत ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट से कैंसर व अन्य जानलेवा बीमारियां हो रही हैं।

### 70 फीसदी दूध में पानी मिला होता है

अदालत ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय के रिकॉर्ड के अनुसार 20 फीसदी खाद्य पदार्थ मिलावटी या तय मानक स्तर के नहीं है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के सर्वे के अनुसार 70 फीसदी दूध में पानी मिला होता है। वहीं सर्वे में सामने आया है कि दूध में डिटर्जेंट भी मिलाया जाता हैं। अदालत ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2006 समस्या का पूरी तरह समाधान नहीं करता हैं। वहीं सैंपल जांचने के लिए लैब्स की भी कमी है। आधुनिक तकनीकें नहीं होने के चलते खाद्य अधिकारी भी मिलावट पर पूरी तरह से निगरानी नहीं रख पाते हैं।

### सीएस की अध्यक्षता में बनाएं राज्य स्तरीय कमेटी

अदालत ने मिलावट को रोकने व इस पर निगरानी के लिए सीएस की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कमेटी बनाने के लिए कहा है। इसके अलावा जिला स्तर पर भी संबंधित कलेक्टरों की अध्यक्षता में कमेटी बनाने का निर्देश दिया है। वहीं जोधपुर व जयपुर के सभी वरिष्ठ अधिवक्ताओं, बार कौंसिल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष सहित अन्य वकीलों को कहा है कि वे इस संबंध में अदालत को सहयोग करें। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा है कि केन्द्र व राज्य सरकार वेबसाइट बनाए, जिसमें खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, जिम्मेदार अफसरों के संपर्क नंबर और टोल फ्री नंबर जारी करे।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ

### प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में लगाए जाएंगे 1 लाख पौधे



**जयपुर. कासं।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर की पहल पर सोमवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर चिकित्सा विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त राजकीय चिकित्सा संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली में वृद्धि की दृष्टि से 'वृक्षारोपण अभियान' अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अभियान के तहत राज्य के चिकित्सा संस्थानों में लगभग एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। यह महत्वपूर्ण अभियान 1 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 तक संचालित किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह, मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुरने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर निदेशालय परिसर में पौधारोपण कर मानवता की सेवा के पुनीत कार्य के लिए चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि चिकित्सा संस्थानों में बेहतर वातावरण, हरियाली, छाया एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं इससे निचले स्तर के चिकित्सा संस्थानों में 5 तथा इससे उच्च स्तर के चिकित्सा संस्थानों में 10 पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के लिए फलदार एवं छायादार वृक्षों का चयन किया गया है। इनमें नींबू, आंवला, बील, जामुन, अमरूद, अनार, आम, सीताफल, इमली, चीकू, शहतूत, संतरा, नाशपती जैसे फलदार एवं नीम, मीठा नीम, पीपल, बरगद, शीशम, देशी बबूल, गुलमोहर, करंज, सहजन, खेजड़ी जैसे छायादारवृक्ष शामिल हैं। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि पौधों की व्यवस्था वन विभाग, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, मनरेगा द्वारा लगायी गयी नर्सरी, पंचायती राजसंस्थाओं, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं दान-दाताओं के माध्यम से की जाएगी। पौधरोपण के बाद उसका 5 वर्ष तक रख-रखाव, पानी पिलाने एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित संस्थान की ही होगी। लगाए गए पौधों की वृद्धि की भी नियमित समीक्षा की जाएगी। एक अगस्त, 01 नवम्बर 2024 एवं 03 फरवरी 2025 को पौधों की प्रगति से निदेशालय को अवगत कराना होगा।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप का भव्य शपथ ग्रहण एवं जल सेवा समापन कार्यक्रम संपन्न

## ग्रुप की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारीओ ने ली दायित्व निर्वहन की शपथ, जलसेवकों का हुआ अभिनंदन




**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप का शपथ ग्रहण एवं गत दो माह से चल रहा रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों के लिए निशुल्क जल सेवा कार्यक्रम के समापन का कार्यक्रम मुख्य अतिथि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के रीजन अध्यक्ष राजेश सीमा बडजात्या की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि रीजन महामंत्री निर्मल सरला संधी के आतिथ्य में बड़ी भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश बडजात्या रीजन अध्यक्ष ने अपने उद्घाटन संबोधन में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए कार्यों को बड़े बढ़-चढ़कर आयोजित करता है लेकिन अब आने वाले समय में हमें शिक्षा एवं स्वावलंबन की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने गंगापुर ग्रुप द्वारा गत वर्षों में आयोजित रक्तदान शिविर , निशुल्क जल सेवा अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम ,तीर्थ वंदना कार्यक्रम, राष्ट्रीय कार्यक्रम, धार्मिक कार्यक्रम एवं साधु संतों के आहार विहार से संबंधित कार्यक्रमों की आयोजनों की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर रीजन अध्यक्ष राजेश बडजात्या ने दिगंबर जैन सोशल ग्रुप गंगापुर सिटी की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी अध्यक्ष के के जैन मोनिका जैन महामंत्री अभिनंदन जैन, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र जैन पांड्या ,कार्यकारी अध्यक्ष पंकज जैन पांड्या ,उपाध्यक्ष मंगल जैन, सह सचिव योगेंद्र जैन को देव शास्त्र गुरु को साक्षी मानकर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप की रीति नीतियों के अनुसार सभी सामाजिक बंधुओं को साथ में लेकर नए कार्यक्रम सृजित करने एवं संगठन को विधिवत्त चलाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष विमल जैन गोधा ने स्वागत उद्बोधन के माध्यम से सभी अतिथियों, उपस्थित जनों का स्वागत किया। निवर्तमान महामंत्री डॉ मनोज जैन ने गत वर्षों में ग्रुप द्वारा किए गए कार्यों के बारे में चर्चा की ।

# समर कैंप कार्यक्रम समापन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी

## बालक-बालिकाओं ने रैली निकालकर भगवान महावीर का दिया संदेश



**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई। जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा अग्रवाल सेवा सदन जैन मंदिर में आचार्य शांतिसागर पब्लिक स्कूल के बच्चों का समर कैंप लगाया गया जिसमें सैकड़ों बालक बालिकाओं ने भाग लिया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संधी ने बताया कि समर कैंप कार्यक्रम में भगवान महावीर स्वामी के समक्ष दीप प्रज्वलित शकुंतला छाबड़ा ने किया, इसके बाद बालक बालिकाओं ने मंगलाचरण किया। इस दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जिसमें एकल नृत्य सामुहिक नृत्य नृत्य एकांकी नाटिका सहित अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का संचालन शशी सोगानी ने किया। विमल जौंला एवं राकेश संधी ने बताया कि समर कैंप के समापन पर बालक बालिकाओं ने रैली निकालकर भगवान महावीर स्वामी का जीयो और जीने दो का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। जौंला ने बताया कि विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूजा सेनी रिंकू जैन ज्योति गोयल मेघा टेलर सहित कई महिलाएं मौजूद थी।

# लायन्स क्लब जयपुर डायमंड द्वारा डॉक्टर्स व सीए डे मनाया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



लायन्स क्लब जयपुर डायमंड द्वारा जेके लोन हॉस्पिटल के सभागर मे डॉक्टर्स व सी ए डे मनाया गया। इस अवसर पर 31 डॉक्टर और सी ए को सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष अमित डोगरा ने बताया कि इस अवसर पर डॉ दीपक माहेश्वरी प्रिंसिपल एंड कंट्रोलर एस एस एस मेडिकल कॉलेज, डॉ कैलाश मीणा सुपरीटेंडेंट जे के लोन हॉस्पिटल, डॉक्टर कपिल गर्ग, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ सुरेश गुप्ता, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अतुल कासलीवाल, फीजिशियन प्रोफेसर डॉ लक्ष्मीकांत गोयल, डॉ प्रशांत मोदी, डॉ दिनेश चंद खंडेलवाल, डॉ एसपी भारद्वाज, डॉ सरिता शर्मा, डॉ हरीराम मीणा, डॉ महावीर सैनी, डॉ लोकेश कुमार अग्रवाल, डॉ रेखा वशिष्ठ, डॉ राजीव वशिष्ठ, डॉ मंजीत सिंह, डॉ पवन कुमार सुलानिया, डॉ राजेश पाठक, डॉ दिनेश गुप्ता, डॉ राजेश वर्मा, डॉ पूनम सैनी, डॉ दीपशिखा कपूर, डॉ अशोक सिंह सोलंकी, सी ए राहुल शर्मा, सी ए दीपक जैन, सी ए अशोक जिन्दल, सी ए आर. के. गुप्ता सहित 31 डॉक्टर और सी ए को सम्मानित किया गया। क्लब सचिव ममता पंचोली व कोऑर्डिनेटर प्रीति सक्सेना ने बताया इस अवसर पर क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट सुधीर जैन गोधा, चार्टर सदस्य अजय अग्रवाल, चार्टर सेक्रेटरी तेजेन्द्र गर्ग, रोटेरियन संजय अग्रवाल,पी डी जी लायन आलोक अग्रवाल, अनिल बाफना, सुनिल बियोत्रा, शंभु दयाल अग्रवाल, मनीष गिनेरीवाल, मधुसूदन, मोहम्मद जहांगीर, भूपेन्द्र सिंह, हिम्मत सिंह, सिमरन डोगरा,विनय पाराशर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। लायन्स क्लब जयपुर डायमंड द्वारा डॉक्टर्स व सी ए डे मनाया। लायन्स क्लब जयपुर डायमंड द्वारा जेके लोन हॉस्पिटल के सभागर मे डॉक्टर्स व सी ए डे मनाया गया। इस अवसर पर 31 डॉक्टर और सी ए को सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष अजय डोगरा व चार्टर अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा ने बताया कि इस अवसर पर डॉ दीपक माहेश्वरी प्रिंसिपल एंड कंट्रोलर एस एस एस मेडिकल कॉलेज, डॉ कैलाश मीणा सुपरीटेंडेंट जे के लोन हॉस्पिटल , डॉक्टर कपिल गर्ग, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ सुरेश गुप्ता, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अतुल कासलीवाल, फीजिशियन प्रोफेसर डॉ लक्ष्मीकांत गोयल, डॉ प्रशांत मोदी, डॉ दिनेश चंद खंडेलवाल, डॉ एसपी भारद्वाज, डॉ सरिता शर्मा, डॉ हरीराम मीणा, डॉ महावीर सैनी, डॉ लोकेश कुमार अग्रवाल, डॉ रेखा वशिष्ठ, डॉ राजीव वशिष्ठ, डॉ मंजीत सिंह, डॉ पवन कुमार सुलानिया, डॉ राजेश पाठक, डॉ दिनेश गुप्ता, डॉ राजेश वर्मा, डॉ पूनम सैनी, डॉ दीपशिखा कपूर, डॉ अशोक सिंह सोलंकी, सी ए राहुल शर्मा, सी ए दीपक जैन, सी ए अशोक जिन्दल, सी ए आर. के. गुप्ता सहित 31 डॉक्टर और सी ए को सम्मानित किया गया। क्लब सचिव ममता पंचोली व कोऑर्डिनेटर प्रीति सक्सेना ने बताया इस अवसर पर क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट सुधीर जैन गोधा, चार्टर सदस्य अजय अग्रवाल, चार्टर सेक्रेटरी तेजेन्द्र गर्ग, रोटेरियन संजय अग्रवाल,पी डी जी लायन आलोक अग्रवाल, अनिल बाफना, सुनिल बियोत्रा, शंभु दयाल अग्रवाल, मनीष गिनेरीवाल, मधुसूदन, मोहम्मद जहांगीर, भूपेन्द्र सिंह, हिम्मत सिंह, सिमरन डोगरा,विनय पाराशर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# रॉयल एवेन्यु कॉलोनी में हुआ गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश



जयपुर. शाबाश इंडिया

परम पूज्या भारत गौरव गुरु मां विज्ञाश्री माताजी ससंघ का सुबह कल्याण नगर जयपुर से विहार कर रोयल एवेन्यू कालोनी जयपुर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। श्रद्धालुगण माताजी की अगवानी में आरती का थाल लेकर उत्साह के साथ जयकारा लगा रहे थे। गुरु भक्त वीरेंद्र सेठी ने पूज्य गुरुमां के चरण प्रक्षालन का सौभाग्य प्राप्त किया। परम पूज्य भारत गौरव गुरुमां विज्ञाश्री माताजी ससंघ का सुबह कल्याण नगर जयपुर से विहार कर रोयल एवेन्यू कालोनी जयपुर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। श्रद्धालु गण माताजी की अगवानी में आरती का थाल लेकर उत्साह के साथ जयकारा लगा रहे थे। गुरु भक्त वीरेंद्र सेठी ने पूज्य गुरुमां के चरण प्रक्षालन का सौभाग्य प्राप्त किया। कल 2 जुलाई 2024 को माताजी ससंघ सान्निध्य में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर का वार्षिक उत्सव बड़े थाट बाट के साथ मनाया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष रमेश जैन ने बताया कि वार्षिक उत्सव में भगवान पार्श्वनाथ जी का 108 स्वर्ण कलशों से कलशाभिषेक एवं शांतिधारा के पश्चात विधान का आयोजन होगा। गुरुमां की मंगल वाणी से सभी भक्त गण लाभान्वित हुए। पूज्य माताजी ने सभी को धर्मोपदेश देते हुए कहा कि - जब तक आप खुद को महत्व नहीं देंगे । तब तक लोग भी आपको महत्व नहीं देंगे । अपने आप को अपनी नजरों से देखने की कोशिश कीजिये क्योंकि इस दुनिया में कोई भी परफेक्ट नहीं होता । हमारी जिंदगी बेहद आसान हो अगर हर शख्स एक - दूसरे से और खुद से प्यार करने की कला सीख जाएं। कल 2 जुलाई 2024 को माताजी ससंघ सान्निध्य में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर का वार्षिक उत्सव बड़े थाट - बाट के साथ मनाया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष रमेश जैन ने बताया कि वार्षिक उत्सव में भगवान पार्श्वनाथ जी का 108 स्वर्ण कलशों से कलशाभिषेक एवं शांतिधारा के पश्चात विधान का आयोजन होगा।

# मंगल मार्ग मौहल्ला समिति की मासिक मीटिंग में आर. के. चत्तर का किया सम्मान



जयपुर. शाबाश इंडिया

बापू नगर, जयपुर की मंगल मार्ग मोहल्ला समिति, की कार्यकारिणी की मासिक मीटिंग समिति के संयुक्त मंत्री लोकेश अग्रवाल के निवास बी-149 , मंगल मार्ग बापू नगर पर सम्पन्न हुई। समिति के मंत्री हीरा चन्द बैद ने गत माह की मीटिंग की कार्रवाई से सभी सदस्यों को अवगत कराया। टैक्स कंसल्टेंट एसोसिएशन जयपुर एवं राजस्थान टैक्स कंसल्टेंट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में झालाना स्थिति राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर में आयोजित सम्मान समारोह में राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढांढ ने जयपुर के बापू नगर निवासी पुराने एवं सुप्रसिद्ध सी ए राजेन्द्र कुमार चत्तर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। मंगल मार्ग मोहल्ला समिति के संस्थापक मंत्री राजेन्द्र कुमार चत्तर की इस उपलब्धि के लिए आज की मीटिंग में समिति के संरक्षक एवं सेवानिवृत्त आयकर अधिकारी जे.पी.गुप्ता ने चत्तर को माला पहनाकर कर सम्मानित किया। समिति के सभी सदस्यों ने आर.के.,चत्तर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# रोटरी वर्ष 2024-25 की शुरूआत मीयावकी वृक्षारोपण से की





जयपुर. शाबाश इंडिया

रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन ने अपने नये रोटरी वर्ष की शुरूआत आज पोद्दार गवर्नमेंट विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कर की। क्लब अध्यक्ष दिनेश जैन बज ने बताया की क्लब द्वारा मियावाकी तकनीक से करीब 200 से अधिक पोधो का रोपण एआरल इंफ्राटेक के सहयोग से किया गया। क्लब पिछले चार वर्षों से मियावकी तकनीक से विभिन्न स्थानों पर पौधे लगा रहा है । कार्यकर्म के मुख्य संयोजक प्रमोद जैन पहाड़िया ने बताया कि मियावकी तकनीक से क्लब ने अब तक करीब 1000 से अधिक पौधे लगा चुके है तथा इनकी देखभाल की जिम्मदारि भी ले रखी है । क्लब के चार्टर अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलवार थे, शिक्षा मंत्री ने क्लब के इस कार्य की भरपूर प्रशंसा की और कहा की यह गर्व की बात है की सिटीजन क्लब अपने नये वर्ष की शुरूआत इस नेक कार्य से करता है । क्लब सचिव नरेंद्र मित्तल ने इस अवसर पर नेशनल डॉक्टर्स डे पर क्लब के डॉक्टर सदस्यों को और नेशनल सीए डे पर सीए सदस्यों का सम्मान किया। क्लब कोषाध्यक्ष नीरज काला ने पोद्दार स्कूल प्रबंधन और सभी क्लब सदस्यों का आभार व्यक्त किया । आज करीब क्लब के 250 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया।

## वेद ज्ञान

# सत्य का पालन करना ही संतत्व का मुख्य गुण

सत्य का पालन करना ही संतत्व का मुख्य गुण है। संतत्व के लिए गृह-त्याग की आवश्यकता नहीं होती है, बल्कि सच्चा संत वही है जिसके व्यवहार, बोलचाल और विचारों में सच्चाई हो। फिर चाहे वह धर्म क्षेत्र में हो या फिर सामाजिक जीवन व्यतीत कर रहा हो। संत किसी दूसरे से गलत बोलने या व्यवहार करने से पहले उसके स्थान पर खुद को रखता है और यह मनन करता है कि जब गलत बोलने या व्यवहार से उसके स्वयं के मन को ठेस लगती है तो निश्चित तौर पर ऐसा आचरण किसी को भी अच्छा नहीं लगेगा। ऐसा सोचते ही वह दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करने लगता है, जैसा वह दूसरों से अपने अपने लिए चाहता है। कहा गया है कि किसी व्यक्ति ने चाहे कितने ही शास्त्र क्यों न पढ़े हों, लेकिन जब तक वह शास्त्रों में दिए गए ज्ञान को अपने आचरण में नहीं उतारता है तो उसका शास्त्र पढ़ने का कोई फायदा नहीं है, क्योंकि सबसे बड़ा ज्ञान व्यावहारिक ज्ञान है। संतत्व का एक गुण क्षमाशीलता भी है। दूसरों के गलत सोचने-बोलने-करने के बावजूद यदि मनुष्य उसके साथ पूरी सहनशीलता के साथ सद्भाव रखे तो यही क्षमाशीलता है। संत सभी के प्रति समान भाव रखता है, क्योंकि वह हर प्राणी में ईश्वर को देखता है। इसलिए उस पर किसी भी तरह के व्यवहार का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। संतत्व का यह विशेष गुण है कि जब उसका मान-सम्मान होता है तो उसे अभिमान नहीं होता और जब कभी उसका अपमान हो तो भी वह अहंकार नहीं करता। प्रत्येक परिस्थिति में उसकी वाणी, विचार और व्यवहार एक समान रहते हैं। इसी तरह दया भी संतत्व का एक विशेष गुण है। दयालुता मनुष्य को सरल और निस्वार्थ बनाए रखती है। दयालु व्यक्ति मानवता का सम्मान करता है। इसलिए दूसरों के कष्टों को देखकर उसे भी कष्ट महसूस होता है और वह अपने उपलब्ध संसाधनों से उनके कष्टों को दूर करने का प्रयास करता है। इस तरह वह समस्त प्राणी जगत से जुड़ जाता है और उसे दूसरों से आंतरिक प्रेम और सद्भाव प्राप्त होता है।

## संपादकीय

# अंतरिक्ष में होड़

अमेरिका इन दिनों अंतरिक्ष में जूझ रहा है, वहीं चीन ने कामयाबी के नए झंडे गाड़ दिए हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर एक तरह से फंस गए हैं, तो दूसरी ओर, चीन चांद से मिट्टी लाने में कामयाब हो गया है। अंतरिक्ष स्टेशन को करीब 25 साल हो चुके हैं, अमेरिका, रूस, जापान, कनाडा, यूरोप के संयुक्त प्रयास से स्थापित अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अब तक 270 से ज्यादा अंतरिक्ष यात्री जा चुके हैं, पर ऐसा पहली बार हुआ है कि अमेरिकी बोइंग स्टारलाइनर परियोजना का यान वहां एक तरह से फंस गया है। स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही यान में हीलियम का रिसाव और थ्रस्टर में खराबी आ गई थी। यान को 14 जून को वापसी यात्रा करनी थी, पर अभी तक वह लौटा नहीं है और आशंका है कि इसे लौटने में 90 दिन तक लग सकते हैं। इतने दिनों में वैज्ञानिक यह कोशिश करेंगे कि यान की खराबी को दूर किया जा सके। अभी नासा यान की पृथ्वी पर वापसी की सटीक तारीख की कोई घोषणा नहीं कर पा रहा है। कुल मिलाकर, यही कहा जा सकता है कि अंतरिक्ष में फंसी भारतीय मूल की अमेरिकी सुनीता विलियम्स और अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर को धरती पर लौटने में कुछ महीने लग सकते हैं। नासा के वाणिज्यिक क्रू कार्यक्रम प्रबंधक स्टीव स्टिच ने कहा है कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी स्टारलाइनर की अवधि को 45 से 90 दिनों तक बढ़ाने के बारे में सोच रही है। वास्तव में, नासा किसी तरह का खतरा मोल नहीं लेना चाहता, दो अंतरिक्ष यात्रियों की बहुमूल्य जिंदगी का सवाल है। वैसे, बेहद प्रतिभावान व साहसी सुनीता विलियम्स, सहित दोनों अंतरिक्ष यात्री ज्यादा चिंतित नहीं हैं और निरंतर अपने प्रयोग में लगे हुए हैं। दोनों को घर लौटने की कोई जल्दी नहीं है। यह ध्यान देने की बात है कि अंतरिक्ष स्टेशन जब से बना है, वहां लगातार पांच या सात अंतरिक्ष यात्री रहते आए हैं। नासा के ताजा अभियान पर इसरो की भी नजर टिकी है। इसरो वैज्ञानिक एम अन्नादुराई ने बताया है कि किसी भी अंतरिक्ष कार्यक्रम को पारगमन करते समय यह देखना ही होगा कि अगली उड़ान के लिए सभी सिस्टम तैयार हैं या नहीं। स्टारलाइनर को लॉन्च करते समय भी यह देखा गया था और तब भी कुछ देरी हुई थी। इस बार भी कुछ देरी हो रही है और वैज्ञानिक सुरक्षा के प्रति सुनिश्चित होने के बाद ही उड़ान भरेंगे। वैसे यह ध्यान रखना होगा कि बोइंग का स्टारलाइनर कार्यक्रम वर्षों से सॉफ्टवेयर गड़बड़ियों, डिजाइन संबंधी समस्याओं और उप-ठेकेदार जैसे विवादों से जूझता रहा है। अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या अमेरिका पिछड़ने लगा है। दूसरी ओर, चीन का चांग-ई 6 अंतरिक्ष यान चंद्रमा के सुदूर हिस्से से मिट्टी के नमूने सफलतापूर्वक पृथ्वी पर वापस ले आया है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि अंतरिक्ष-अन्वेषण महाशक्ति के रूप में चीन की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं की ओर संकेत करती है। गौरतलब है कि साल 2019 में चीनी यान चांद के सामने की ओर से नमूने लाने में कामयाब रहा था। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# हमारी शिक्षा व्यवस्था को फेल करती परीक्षाएं

रूस के महान क्रांतिकारी व भूगोलविद पीटर क्रोपोटकिन ने 19वीं सदी के अंत या शायद 20वीं सदी की शुरूआत में एक छोटी सी पुस्तिका उन नौजवानों के लिए लिखी थी, जो अपनी स्कूली पढ़ाई खत्म करने के बाद कोई करियर अपनाना चाहते हैं। भारत में इसका हिंदी अनुवाद नवयुवकों से दो बातें शीर्षक से छपा था। क्रोपोटकिन इसमें बताते हैं कि जो डॉक्टर बनना चाहते हैं, उनकी सोच क्या होनी चाहिए और जो इंजीनियर-प्रोफेसर वगैरह बनना चाहते हैं, उनका जज्बा कैसा होना चाहिए? क्रोपोटकिन यह मानकर चल रहे थे कि जो बच्चे स्कूली शिक्षा पूरी कर चुके हैं, उन्होंने बहुत कुछ सीख-जान लिया होगा, इसके बाद असल सवाल उनकी सोच व जज्बे का ही बच जाता है। इससे ही अच्छे प्रोफेशनल तैयार हो सकते हैं, बाकी का ज्ञान तो वे जिस संस्थान में जाएंगे, वहां उनको मिल ही जाएगा। करियर अपनाने के लिए नीट, जेईई, नेट जैसी परीक्षाओं वाले हमारे समाज में सोच और जज्बा ही वे दो चीजें हैं, जिनको अब कोई नहीं पूछता। अक्सर कहा जाता रहा है कि भारत में शिक्षा व्यवस्था तो दरअसल है ही नहीं। बस एक परीक्षा व्यवस्था है। इसे जो पास कर लेता है, वह योग्य व विद्वान मान लिया जाता है। कुछ पढ़ा-नहीं पढ़ा, कुछ सीखा-नहीं सीखा इससे ज्यादा मतलब नहीं रह जाता। ज्ञान की असल कसौटी प्रश्न-पत्र में छपे कुछ सवाल हैं। किसी भी जुगत से उनको हल करने वाला हर बाधा को पार कर जाता है। क्या जाना, क्या समझा, क्या गुना, क्या सीखा इसके आगे ये सब निरर्थक हैं। यही वजह है कि बच्चा परीक्षा पास कर ले, इसके लिए अभिभावक कोई भी रकम चुकाने को तैयार हो जाते हैं। यहां तक कि परिवार के लोग, दोस्त-रिश्तेदार तो इसके लिए जान की बाजी तक लगाने को तैयार रहते हैं। पूरी पीढ़ी के अच्छे भविष्य की बाधा जब परीक्षा ही है, तो व्यवसाय के इस युग में इसे पार कराने के बहुत से कारोबार भी शुरू हो गए हैं। कोचिंग है, ट्यूशन है, गाइड बुक हैं और अब तो ऑनलाइन व्यवस्थाएं भी हैं। बाकी कई कारोबार की तरह इस सारे कारोबार की निचले तल पर एक स्याह दुनिया भी है, जहां नियमित रूप से पेपर लीक होते हैं। कीमत दीजिए, प्रश्न-पत्र परीक्षा से पहले ही हासिल कर लीजिए। फिर भी अगर दिक्कत है, तो सॉल्वर गैंग है, वह आप तक प्रश्नों के जवाब भी पहुंचा देगा। यहां तक कि मोटी रकम लेकर आपकी जगह परीक्षा देने वाले भी मिल जाएंगे। चंद साल पहले आईआईटी के कुछ विद्वान प्रोफेसरों ने कोचिंग संस्थानों को लेकर काफी कुछ कहा-लिखा था। उनके शब्दों में ये कोचिंग दरअसल ऐसे कारखाने हैं, जो आईआईटी प्रवेश परीक्षा पास करने योग्य नौजवान तैयार करते हैं। उनका कहना था कि हमें प्रतिभाशाली नौजवान चाहिए, कारखानों में तैयार युवक-युवतियां नहीं। मगर वे प्रोफेसर भी कोई समाधान नहीं दे सके। उन परीक्षाओं का विकल्प उनके पास भी नहीं था, जिनके लिए देश भर में हजारों कोचिंग कारोबार ही नहीं चल रहे, बल्कि एक ऐसा तंत्र भी बन गया है, जिसे कोचिंग माफिया कहा जाता है। इन प्रोफेसरों ने एक और बात कही थी, जो महत्वपूर्ण है। उनका कहना था कि स्कूली शिक्षा ऐसी होनी चाहिए कि उसके बाद कोचिंग की जरूरत न पड़े। मगर एक दूसरा सच यह भी है कि हमारे स्कूल भी बहुत हद तक कोचिंग संस्थानों सा काम करते हैं। उनका लक्ष्य भी बच्चों को परीक्षा पास कराना भर होता है। इन दिनों लगभग हर दूसरी या तीसरी परीक्षा के पर्चे लीक हो रहे हैं और उनमें से कई को मजबूरीवश रद्द भी करना पड़ रहा है। नीट और नेट के मामले में जो सीबीआई की जांच चल रही हैं, उम्मीद है कि वे अंजाम तक पहुंचेंगी और दोषियों को सजा भी मिलेगी।

## भगवान नमिनाथ का मनाया जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक



**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे सहित परिक्षेत्र के चकवाडा, चौरू, नारेडा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेडा, लसाडिया एवं लदाना सहित कस्बे के आदिनाथ मंदिर, बीचला मंदिर,मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर , पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सहित सभी जिनालयों में जैन धर्म के इक्कीसवें तीर्थंकर नमिनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने शिरकत करते हुए कहा कि कस्बे के पार्श्वनाथ चैत्यालय में आज प्रातः श्रावकों द्वारा कस्बे में विराजमान आर्यिका 105 विजयमति माताजी स संघ के पावन सानिध्य में श्री जी का अभिषेक,शांतिधारा, अष्टद्वव्यों से पूजा-अर्चना करने के बाद चोबीस तीर्थंकरों,पंचपरमेष्ठी, एवं पूवार्चार्यों कि पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई तथा कार्यक्रम में सामूहिक रूप से श्रीजी की महाशांति धारा की गई तथा जैन धर्म के इक्कीसवें तीर्थंकर नमिनाथ भगवान का जयकारों के भक्ति भाव से जन्म एवं तप कल्याणक का अर्घ्य अर्पित कर विश्व में सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम में समाज के वयोवृद्ध कपूरचंद मांदी वाले, सोहनलाल झंडा, अग्रवाल समाज फागी के अध्यक्ष महावीर झंडा, फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा,महावीर जैन लदाना,सुरेश मांदी, शिखर मोदी,सुरेश डेठानी, धर्मचंद पीपलू, कन्हैयालाल सिंघल, सीताराम कलवाड़ा,रतन नला, पारस नला, टीकम गिंदोडी, अनिल कुमार कठमाना, अशोक कागला पारस मोदी, राजकुमार नला, विनोद मोदी, त्रिलोक पीपलू, सुनील मोदी,राजकुमार नला , उदित जैन,कमलेश चोधरी, तथा सुलोचना पापडीवाल मालपुरा, डिम्पल जैन,डाक्टर ईषा पाटनी, राजकुमार पाटनी मदनगंज किशनगढ़,राजाबाबू गोधा फागी सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।

## चिकित्सक दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यशाला का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मणिपाल हॉस्पिटल के निर्देशक रंजन ठाकुर के निर्देशन में कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व जय जवान सोसाइटी ने हिस्सा लिया। मौके पर डॉ.कमलदीप सिंह (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ.गौरव कूलवाल (न्यूरो स्पाइन सर्जन), डॉ.गौरव कुलवाल (सी टी वी एस सर्जन) ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का मंत्र दिया। वही डॉ.रूपक सिंह व रिशांत सिंह नरवत ने कार्यक्रम की मध्यस्थता की और पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। वही मणिपाल हॉस्पिटल की तरफ से पधारे सभी लोगों का मोमेंटो देकर सम्मान किया। मौके पर डॉ.मनोज लांबा, डॉ.ओपी काजला,आरबी सिंह जादौन, जगत सिंह परमार, रघुवीर सिंह नाथावत, गोपेंद्र सिंह शेखावत, विजय सिंह लामियां, मधु कंवर राठौड़, अनीता चौहान, उमा कंवर, कल्पना कंवर, निशा कंवर, विकास चौहान, जीवंत कंवर, सीमा राठौड, रंजना कंवर, पूनम कंवर, सुमित चौधरी, संचित नरवत, विकास शर्मा, अभिषेक मीना, रोहित शर्मा, डॉ.पवन यादव,एड.संदीप राठौड़, हिम्मत सिंह शेखावत, जगमाल सिंह, डॉ. देवेंद्र सिंह,मुकेश धायल, उम्मेद सिंह करीरी, महेंद्र सिंह सेंगर, सुरेंद्र सिंह आदि गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

## बॉब रिटायर्ड जैन मैत्री संघ का द्वितीय स्नेह मिलन कार्यक्रम संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** बॉब रिटायर्ड जैन मैत्री संघ का द्वितीय स्नेह मिलन कार्यक्रम स्थानीय ब्लू प्लूटो, एंटरटेनमेंट पैराडाइज में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में संघ के साथी प्रकाश मौजमाबाद का कुछ समय पहले देहावसान हो गया था को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तदुपरांत मंगलाचरण मंन्जु जैन सेवावाले, प्रेम कासलीवाल,शशि जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया। सचिव अभिनन्दन जैन द्वारा संघ की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । संस्थापक अध्यक्ष पदम्चन्द जैन ने संस्था के जो साथी 75 वर्ष से अधिक व जिनकी शादी के 50 वर्ष से अधिक हो गए उनके घर जाकर शुभ कामनाएं प्रेषित करने के कार्यं की सहराना की जो संघ से नए सदस्य जुड़े उनका भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मध्य एक हॉउजी भी खिलाई गयी जिसका संचालन पदम्चन्द जैन व मंन्जु जैन सेवावाले द्वारा किया गया, जिसमें गानों के द्वारा सरप्राइज गिफ्ट का सभी ने आनंद लिया तथा भरपूर मनोरंजन के साथ गेम का आनंद लिया। कार्यक्रम में संघ के 125 सदस्य तथा सह सदस्य उपस्थित थे। अंत में संघ के अध्यक्ष आर के जैन ने अध्यक्षीय भाषण दिया व आगन्तुको का आभार व धन्यवाद ज्ञापित कर सभा का समापन कर सभी को स्नेहभोज के लिए आमंत्रित कर,स्वादिस्ट भोजन का लुफ्त उठाया।



# जैन मिलन क्षेत्र क्र. 10 का बृहद भ्रमण, शाखा विस्तार एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न

## नवीन शाखाएं एवं पुनर्गठन 8 शाखाएं हुई सक्रिय



मनीष शास्त्री विद्यार्थी. शाबाश इंडिया

सागर। जैन मिलन क्षेत्र क्र.10 के द्वारा वृहद भ्रमण कार्यक्रम भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय मंत्री एड. अतिवीर कमलेन्द्र जैन के नेतृत्व में श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र नैनागिर में भगवान श्री पारसनाथ जी की पूजन अर्चना के साथ प्रारंभ किया, वहां से बहोरी, घुवारा, भगवां, बड़ा मलहरा, दलपतपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में क्षेत्रिय अध्यक्ष अतिवीर अरुण चंदेरिया ने जैन मिलन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे। विविध कार्यक्रमों की जानकारी दी एवं बताया कि जैन मिलन की स्थापना 1966 में देहरादून में हुई थी। इसकी देश में 1500 से ज्यादा शाखाएं सक्रिय हैं, क्षेत्र क्र.10 में 80 शाखाएं सक्रिय हैं। भ्रमण कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय मंत्री एड.अतिवीर कमलेंद्र जैन ने बताया कि यह वर्ष भगवान महावीर स्वामी का 2550 में निर्माण वर्ष के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है, जिसमें भारत सरकार द्वारा भी अनेक कार्यक्रम और अनेक योजनाओं के साथ सहयोग दिया जा रहा है।

# रोटरी क्लब जयपुर बापू नगर का नया सत्र सेवा कार्य से प्रारंभ




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रोटरी क्लब जयपुर बापूनगर का आज से प्रारंभ हो रहे रोटरी इंटरनेशनल के नए सत्र 2024- 25 के प्रथम दिन सेवा कार्य से शुरू किया गया ' क्लब अध्यक्ष एडवोकेट रोटेरियन अशोक गोयल ने बताया कि पहले दिन आज आगरा रोड स्थित शंकर सेवा धाम में 7 ब्लॉक के 380 आवासियों को रोटरी क्लब जयपुर बापू नगर द्वारा भोजन कराया गया। सचिव बसंत जैन ने बताया कि क्लब प्रतिवर्ष 1 जुलाई को अन्नपूर्णा दिवस के रूप में मनाता हैं और इसी आश्रम में रहने वाले वृद्ध आवासियो को भोजन कराकर। रोटरी नए वर्ष की शुरूआत करता है। साथ ही चार्टेड अकाउंटेंट्स व डॉक्टर्स डे पर सभी डॉक्टर्स व चार्टेर्ड अकाउंटेंट्स को बधाई दी गई एवं उन्हें देश समाज की सेवा के लिए निरंतर सेवा में लगे रहने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रोटेरियन एन के महेश्वरी, प्रमोद भार्गव, आर एस गुप्ता, पी सी सांघी , प्रमोद भार्गव, सुनील भार्गव, डी. डी गोयल, मीता माथुर एवं क्लब की प्रथम महिला ममता गोयल ,पुष्पा गोयल, मिथलेश गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# इनर व्हील क्लब कोटा नॉर्थ का पर्यावरण बचाओ अभियान, वृक्षारोपण किया और रेली निकाली

आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया

कोटा। इनर व्हील क्लब कोटा नॉर्थ द्वारा पर्यावरण बचाने हेतु वृक्षारोपण किया गया एवं प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिये जागरूकता रेली निकाली गई। अध्यक्ष सरिता भूटानी एवं सेक्रेटरी डॉ विजेता गुप्ता ने बताया कि क्लब सदस्यों द्वारा नए सत्र का आगाज डिस्ट्रिक्ट द्वारा प्रदत्त अभियान 'प्लांटेड ट्रीज, प्लांटिंग होप' के अंतर्गत आज नीम, पीपल, बेलपत्र, बड़, आम, नींबू, जामुन और कल्पवृक्ष इत्यादि ग्यारह छायादार पौधे तलवंडी के मंदिर में लगाये तथा नियमित दर्शन करने आने वालों को उनकी सार सम्भाल की जिम्मेदारी दी गई। पौधारोपण क्लब सदस्य सरोज गोयनका, बीना त्यागी, शशि झंवर, डॉ सुशीला बर्थुनिया, प्रमिला पारिक द्वारा किया गया क्लब सदस्यों द्वारा हाथों में स्लोगन की तख्तियां लेकर एक जागरूकता रेली भी निकाली गई। लोगों को प्लास्टिक के खतरों की जानकारी दी गई। श्रीमति शिखा अग्रवाल ने बताया कि रेली के द्वारा लोगों को पर्यावरण बचाने के लिये जागरूक किया गया। अन्य कचरे की तुलना में प्लास्टिक का कचरा अधिक समय तक नष्ट नहीं होता बायोग्रेडेबल प्रकृति के कारण पर्यावरण को दूषित करता है ।हमारे स्वास्थ्य के लिये हानिकारक होता है इसलिये प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिये। इसके बजाय कपड़े के थेले और स्टील की बोतल का उपयोग करना चाहिये।




जैन सोश्यल ग्रुप महानगर

HAPPY ANNIVERSARY

2 जुलाई'24

94626 70928



श्री विनय-श्रीमती रचना जैन

जैन सोश्यल ग्रुप महानगर के सम्मानित सदस्य

को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

संजय-सपना जैन छाबड़ा आवा: अध्यक्ष

सुनील-अनिता गंगवाल: सचिव

प्रदीप-निशा जैन: संस्थापक अध्यक्ष

स्वाति-नरेंद्र जैन: ग्रीटिंग कमेटी चेयरमैन

# आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज का 57वां दीक्षा दीवस मनाया



## आचार्य श्री का वागड के प्रति बहुत ही लगाव था: मुनि श्री अजीत सागरजी महाराज

**सुरेश चंद्र गांधी. शाबाश इंडिया**

बडोदिया। वीरोदय तीर्थ क्षेत्र पर मुनि आर्यिका महासंघ का महामिलन व आचार्य श्री विद्यासागरजी का 57वां दीक्षा दिवस समारोह भक्ति भाव पूर्वक मनाया। वीरोदय तीर्थ कमेटी अध्यक्ष मोहनलाल पिण्डारमिया व उपाध्यक्ष राजेश गांधी ने बताया कि प्रातः भगवान श्री आदिनाथ की प्रतिमा पर प्रथम कलश का सोभाग्य धनपाल लालावत, अजीत लालावत सपरिवार घाटोल, द्वितीय कलश मोहनलाल पिण्डारमिया सपरिवार आदिनाथ कॉलोनी परतापुर, तीसरा कलश हुकमीचंद शाह बांसवाडा व चतुर्थ कलश करने का सोभाग्य केसरीमल शाह परिवार चंदुजी का गढा को धर्मलाभ मिला। **भगवान श्री आदिनाथ महामंडल विधान का आयोजन:** आर्यिका विज्ञानमति माताजी ससंघ के सानिध्य में श्री आदिनाथ महामंडल विधान का आयोजन किया गया। विधान में मंगल कलश व चार आराधना कलश स्थाकना के साथ ही संगीतमय पुजन की गई। जिसमें महाअर्घ्य चढाने का सोभाग्य बसंतलाल खोडणिया पुत्र जीतमल खोडणिया परिवार व जयन्तिलाल खोडणिया, कांतिलाल खोडणिया, रमेश चंद्र खोडणिया बडोदिया को प्राप्त हुआ। विधान में भगवान श्री आदिनाथ के पांचो कल्याणक के अर्घ्य चढ़ाकर भक्ति भावना व्यनक्त की। मुनि श्री अजीत सागरजी महाराज के चरणो का प्रक्षालन व आर्यिका विज्ञानमति माताजी को जीनवाणी भेंट करने का पुण्यार्जन हुमड समाज अध्यक्ष दिनेश खोडणिया व राजेश पंचोरी थांदला परिवार को प्राप्त हुआ। इस दौरान अध्यक्ष मोहनलाल पिण्डारमिया व धनपाल लालावत ने दिनेश खोडणिया का सम्मान किया। संचालन प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया ने किया।

**आचार्य श्री की पुजन:** बडी संख्या में बैठे पुरे वागड के श्रद्धालुओं ने मुनि श्री अजीत सागरजी महाराज व आर्यिका विज्ञानमति माताजी के सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया के सानिध्य में आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज की भक्ति पुर्वक पुजन कर सुसज्जित थाल में लिए अर्घ्य चढाए।

**दो संघो का महामिलन:** मुनि श्री अजीत सागरजी महाराज ससंघ का प्रातः सात बजे जैसे ही वीरोदय तीर्थ पर मंगल प्रवेश हुआ तो उनके स्वागत में वीरोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी ने पलक पावडे बिछा दिए। इस दौरान आर्यिका विज्ञानमति माताजी ससंघ ने मुनि श्री अजीत सागरजी महाराज ससंघ की वंदना कर दर्शन किए इस महा मिलन के दौरान भक्तो द्वारा आचार्य श्री के जयकारा गुंजायमान हो रहे थे। आचार्य श्री का वागड के प्रति बड़ा लगाव था। मुनि श्री अजीत सागरजी महाराज ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज ने दो वर्ष पुर्व हमे वागड में जाने के लिए कहा था मतलब वागड का नाम तो उनको हमेशा याद रहता था क्युकि यहां पर धर्म प्रभावना अच्छी है, भक्ति अच्छी है इसिलिए संतो का प्रवास हमेशा रहता है। यह विचार मुनि श्री ने आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के 57वें दीक्षा दीवस पर वागड के श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनि श्री ने कहा कि आज का पावन दीवस हमारे लिए बहुत उपकारी है तथा आचार्य श्री तन से गए परंतु हमारे मन से कभी नही जाएगें।

**<u>पुरा वागड रहेगा हरा भरा:</u>** मुनि श्री अजीत सागरजी महाराज के समक्ष जब घाटोल, बागीदौरा, तलवाडा, बडोदिया, नौगामा, परतापुर, अरथुना, आंजना, सेनावासा, चंदुजीका गढा, खांदुकॉलोनी तथा बांसवाडा शहर के अलावा दुर दराज से आए भक्तो ने तथा उनकी और से अठारह हजार दशा हुमड दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष दिनेश खोडणिया ने वागड के 72 गांवों में चातुर्मास करने का निवेदन किया तो मुनि श्री अजीत सागरजी महाराज ने बडी ही मुस्कान के साथ कहा कि कही पर भी हो पर चातुर्मास वागड में ही हो रहा है तथा पिछले चार पांच वर्षो से वागड संतो के नाम से सुखा था पर अब मुनि व आर्यिका संघ के चातुर्मास से पुरा वागड क्षेत्र रहेगा हरा भरा।

**पानी बचाओ देश की रक्षा करो:** आर्यिका विज्ञानमति माताजी ने कहा कि जितना हो सके पानी को बचाओं व्यर्थ में पानी नही बहे इस बात का सभी को ध्यान रखना है। उन्होंने कहा कि पानी को बचाकर नैतिकता का पालन करे, देश की रक्षा करे तथा वागड को हरा भरा रखने में सहयोग प्रदान करे। इस अवसर पर वीरोदय तीर्थ अध्यक्ष मोहनलाल पिण्डारमिया, उपाध्यक्ष धनपाल लालावत, राजेश गांधी, विनोद दोसी, सुशील घोडा, लोकेश जैन, धनपाल खोडणिया, महिपाल खोडणिया, प्रद्युमन शाह, हुकमीचंद शाह, जीतमल तलाटी, कांतिलाल खोडणिया, मुकेश खोडणिया, चंद्रकांत खोडणिया, बसंतलाल खोडणिया, महिपाल खोडणिया, सुभाष खोडणिया, रमेश चंद्र खोडणिया, आशिष भैया तलाटी, ललीत पिण्डारमिया के अलावा बडी संख्या में पांच हजार से अधिक जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित थे।

# करो स्कूल की अब तैयारी

बीती छुट्टी अब तो सारी।
करो स्कूल की सब तैयारी।।

छोड़ चलो अब घर नानी का।
समय नहीं अब मनमानी का।।

एक महीना बीता पूरा।
काम करो जो रहा अधूरा।।

नियमित होकर जाओ स्कूल।
धमाचौकड़ी जाओ भूल।।

सही समय पर अब है उठना।
होमवर्क कर फिर सब पढ़ना।।

छोड़ो मस्ती जाओ स्कूल।
समय बनेगा तभी अनुकूल।।

पढ़ लिखकर के आगे आना।
मनचाही तुम मंजिल पाना।।

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**
**(बाल काव्य संग्रह 'प्रज्ञान' से साभार)**

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी के प्रवचन से...



**<u>दुनिया के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है.. दवाई मरीज की जगह, डॉक्टर को पहले दी जा रही है..!</u>**

हमारे देश में बीमारियाँ इस कदर बढ़ रही है कि मरीज तो मरीज, डॉक्टर भी मरीज है। जन्म और मृत्यु के रोग से तो सब लोग पीड़ित है। दुनिया में अब तक एक भी ऐसा वैज्ञानिक पैदा नहीं हुआ, जो मृत्यु और जन्म को रोक पाया हो। मैं आप से पूछूं कि आपने कोई ऐसा डॉक्टर या वैज्ञानिक देखा, जो आते हुये बुढ़ापे को रोक सके और गुजरी हुई जवानी को वापिस ला सके हो- ? महावीर ही एक ऐसे चिकित्सक हैं जो रोग के कारण को बताते हों, और रोगों के कारण को नष्ट करने की औषधियाँ देते हैं।

जैसे --

- क्रोध से शान्ति को जीतो,
- मान को विनय से,
- माया को सरलता से, और
- लोभ को सन्तोष से जीतो।

राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, सही मायनों में डॉक्टर हैं, बाकी तो नीम हकीम खतरे जान...।

**-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# मुनि श्रीसमत्व सागर जी महाराज जी ससंघ और मुनि श्री महिमा सागर जी महाराज जी ससंघ का मंगल मिलन हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री 1008श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन पल्लीवाल मंदिर शक्ति नगर गोपालपुरा जैन मंदिर में मुनि श्रीसमत्व सागर जी महाराज जी ससंघ ओर मुनि श्री महिमा सागर जी महाराज जी ससंघ का मंगल मिलन हुआ इस अवसर पर शक्ति नगर जैन समाज ने दोनो ही मुनि संघ के मंगल मिलन के बाद भव्य शोभायात्रा के साथ मंदिर जी मंगल प्रवेश कराया, कार्यकम के संयोजक दीपिका कासलीवाल ने मंच संचालन करा मंदिर के पधाधिकारी शिखर चांद जैन, पारस जैन , सुरेश जैन, प्रकाश सेठी ने दोनो ही मुनि संघ और महिला मंडल और स्थानीय समाज ने मिलकर मुनि संघ की भव्य आगवानी करी , इस अवसर पर शक्ति नगर जैन मंदिर में जयपुर की विभिन्न कॉलोनी से भक्त गण उपस्थित हुए, दोनो मुनि संघ के मंगल प्रवचन हुए।इस मिलन महोत्सव के कार्यकम में मुनि संघ का पादप्रशालन किया गया। तत्पश्चात मुनि संघ ने उपस्थित समाज को जिनवाणी देशना का श्रवण करवाया।

# श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर मधुवन कॉलोनी टोंक फाटक श्रीजी की विशाल रथयात्रा का हुआ आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर मधुबन कॉलोनी टोंक फाटक के स्वर्ण जयंती शुभारंभ एवं वार्षिक मेले के समापन समारोह पर अवसर पर मुनि श्री समत्वसागर जी महाराज एवम मुनि श्री शीलसागर जी महाराज के सानिध्य में मंदिर से श्रीजी की प्रतिमा को रथ में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। रथयात्रा बरकत नगर किसान मार्ग के मुख्य बाजार से होते हुए मंदिर जी पहुंची वहा पर धर्म सभा हुई। मधुबन कॉलोनी प्रबंध समिति के मंत्री अनिल छाबड़ा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः सबसे पहले भगवान के अभिषेक एवं शांति धारा से हुई उसके बाद जुलूस में रथ पर मुख्य पात्र बनने का सौभाग्य नरेन्द्र रोहित कासलीवाल परिवार को प्राप्त हुआ। श्रीजी चवर डुलाने का सौभाग्य का अवसर सुनील रोहन बोहरा एवं अक्षय स्पर्श मोदी को प्राप्त हुआ। रथ पर सारथी के रूप में हार्दिक जैन के साथ कुबेर इंद्र बनने का सौभाग्य आलोक टीकम विकास परिवार को प्राप्त हुआ। साथ ही रथयात्रा में सबसे आगे जैन ध्वज लेकर चलने का सुअवसर पियूष कासलीवाल परिवार को मिला। नगर भ्रमण के पश्चात जब श्रीजी का रथ मंदिर पहुंचा वहां पर श्री जी के अभिषेक एव माल हुई माल पहनने का सौभाग्य पवन अंकित दर्शील काला परिवार को मिला। तत्पश्चात मुनिश्री के मंगल प्रवचन हुए। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक अर्पित बड़जात्या में बताया की कार्यक्रम के पश्चात पूरे समाज का सहभोज हुआ जिसके पुण्यार्जक राजेंद्र गौरव सोध्या परिवार रहे। रथयात्रा के मुख्य संयोजक दिलीप कासलीवाल, गौरव छाबड़ा एवं प्रवीण छाबड़ा रहे।इससे पूर्व वार्षिक मेले के दूसरे दिन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मधुवन क्षेत्र में निवास कर रहे बच्चे जिन्होंने दसवीं बारहवीं या अन्य किसी परीक्षा में 90% से अधिक प्राप्त किया या किसी खेल कूद में गोल्ड मेडल प्राप्त किया उन सभी का प्रबंध कार्यकारिणी समिति की ओर से सम्मान किया गया इस कार्यक्रम का मंगलाचरण श्रीमती मोनिका कासलीवाल द्वारा बहुत सुंदर नृत्य के माध्यम से किया गया।

# मनुष्य को पुण्य और पाप का फल अवश्य भोगना पड़ता है : मुनि श्री अनुपम सागर जी महाराज

## उपनयन संस्कार शिविर सम्पन्न



**ब्यावर. कासं।** श्री दिगंबर जैन पंचायती ने नसियां मे आज रविवार को अभिषेक व शांतिधारा हुई। रजत कलशों से श्री पार्श्वनाथ भगवान की शान्तिधारा सुशील कुमार बड़जात्या महेन्द्र सोनी परिवार को प्राप्त हुआ। मुनि श्री अनुपम सागर जी महाराज ने कहा की प्रत्येक मनुष्य को पुण्य और पाप का फल अवश्य भोगना पड़ता है। श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए फरमाया कि प्रत्येक मनुष्य को पुण्य और पाप का फल अवश्य भोगना पड़ता है इस भाव में किए गए कर्मों का फल अगले भाव में भोगना पड़ सकता है तो पूर्व भव में बांधे गए कर्मों का फल इस फल में भी भोगा जाता है इसलिए भले ही कहीं और किसी भी जन्म में बंधे हुए क्यों न हो पर कर्मों का फल तो अवश्य भोगना ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि कर्म किसी के सगे नहीं होते न ही किसी को भी माफ नहीं करते आत्मा ने किन भावों से कर्मों को बांधा है कर्मोदय भी उसी प्रकार से आते हैं। मुनि जी ने बताया कि धन दौलत पद प्रतिष्ठा रूप सौंदर्य सत्ता सदा कायम रहने वाला नहीं है अतः मिले संयोगों पर अहंकार नहीं करना चाहिए संयोग कभी भी वियोग में बदल सकते हैं फूल खिलता है विकसित हो जाता है और मुरझा जाता है इसी प्रकार बच्चे जन्म लेते हैं नौजवानी प्राप्त करते हैं वृद्ध होते और एक दिन इस दुनिया से विदा हो जाते हैं इन घटनाओं से शिक्षा मिलती है कि दुनिया क्षण भंगुर है तथा परिवर्तनशील है आज के प्रवचनों में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# आध्यात्मिक विशुद्ध ज्ञान वर्षायोग पोस्टर विमोचन




**कोटा. शाबाश इंडिया**

श्रुत संवेगी मुनि 108 आदित्य सागर जी महाराज ससंघ का विहार कोटा चातुर्मास हेतु चल रहा है। आज सकल दिगंबर जैन समाज कोटा के पदाधिकारी एव श्री चंद्र प्रभु मंदिर समिति रिद्धि सिद्धि नगर के पदाधिकारियों नें प्रातः पांच बजे मुनि श्री का विहार पेच की बावड़ी तक करवाया। प्रवचन सभा में चातुर्मास के पोस्टर का विमोचन किया गया।सकल समाज अध्यक्ष विमल नान्ता नें बताया कि मुनि श्री का भव्य मंगल प्रवेश 7 जुलाई प्रातः 7:30 बजे माँ त्रिकुटा पाटन चौराहे से रिद्धि सिद्धि के लिये होगा। पाटन चौराहे से पूरा जुलुस भव्य शोभा यात्रा में परिवर्तित हो जायेगा। सकल दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारियों द्वारा मुनि श्री के पाद प्रक्षालन करके शोभायात्रा का शुभारम्भ किया जायेगा। चातुर्मास समिति के महामंत्री पारस बज नें बताया की शोभायात्रा यात्रा में,108 प्रवेश द्वार,पांच बैंड, तीन ऊँट गाडी,दो ट्रेक्टर पर झांकी,कई कारे और मोटरसाइकिल,सभी महिला मंडल,गुरुसेवा संघ परिवार,चंद्र प्रभु मंडल,सभी जैन सोशल ग्रुप्स,योवा प्रकोष्ठ,महिला प्रकोष्ठ,कई प्रशासनिक अधिकारी मुनि श्री की अगवानी करेंगे।शोभायात्रा का समापन एकजोटिका गार्डन में मुनि श्री के प्रवचन के बाद होगा।कार्याध्यक्ष जे के जैन सा नें बताया की सम्पूर्ण कोटा जैन समाज मुनि श्री की अगवानी को लेकर भव्य तैयारी कर रहा है।लोकसभा अध्यक्ष ओम जी बिरला सा मुनि श्री जी के दर्शन करते हुए कोटा पधारेंगे। आज के विहार में सकल समाज अध्यक्ष विमल नान्ता,कार्याध्यक्ष जे के जैन साब,मंदिर समिति अध्यक्ष राजेंद्र गोधा,महामंत्री पंकज खटोड, कोषाध्यक्ष ताराचंद बड़ला, चातुर्मास समिति अध्यक्ष टीकम पाटनी,महामंत्री पारस बज (खजुरी),कोषाध्यक्ष निर्मल अजमेरा, पारस लुहाड़िया,सुशील बज,चिंटू पाटनी, नीरज अजमेरा, सुरेंद्र पहाड़िया,संजय लुहाड़िया,पुष्प लुहाड़िया सहित बड़ी संख्या में कोटा से श्रावक उपस्थित रहे।उक्त जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पारस जैन पार्श्वमणि ने प्रदान की।

# 51 बसों व एक सौ एक निजी वाहनो द्वारा भक्तों का दल सात जुलाई को जाएगा सागर



अशोक नगर. शाबाश इंडिया। संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज ससंघ का चातुर्मास दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी अशोक नगर में हो इस भावना को लेकर जिले भर की समाज के साथ 51 बसो के साथ ही एक सौ एक निजी वाहनो के साथ भक्तों का दल सात जुलाई को सागर जिले में विराजमान मुनि पुगंव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ को श्री फल भेंट करने जायेगा।इस हेतु सुधा सागर दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी भवन में समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू महामंत्री विपिन सिंघई के आतिथ्य में एक बैठक का आयोजित की गई।हम सब आचार्य भगवंत के वचनों को साकार करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। बैठक का संचालन करते हुए जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी के लिए अनेक वार आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने कहा कि सुधा सागर जी अगर थूवोनजी चातुर्मास कर लें तो थूवोनजी पचास वर्ष आगे निकल जायेगा।

# लायंस क्लब स्पार्कल ने प्रान्त 3233 E-1 में लहराया अपना परचम




**जयपुर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत 3233 E-1 की 30 जून को मालवीय नगर के होटल हयात में सत्र 2023-24 की अवार्ड सेरेमनी सम्पन्न हुई। जिसमें प्रनतपाल ला. ओ पी गग्गर नेप्रान्त के 219 क्लबो की कैबिनेट मीटिंग के साथ साथ अवार्ड सेरेमनी आयोजित की। पूरे वर्ष में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले सभी लायन साथियों, कैबिनेट सदस्यों व क्लबो को विभिन्न कैटेगिरी में पुरस्कृत किया गया।लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल की पी एस टी सहित अन्य कैटेगिरीVISION व प्रसादम का स्पेशल अवार्ड दिया गया। साथ हीपूरे प्रान्त के 219 क्लबो में सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करने बाबत लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल को चौथा स्थान प्राप्त करने पर शील्ड प्रदान की गई। उक्त शील्ड क्लब अध्यक्ष ला. रानी पाटनी, सचिव सुजाता, कोषाध्यक्ष मंजू पूरी के साथ साथ रीजन चेयरपर्सन ला. शंकर सिंह खंगारोत ने प्राप्त की।

# मानस्तम्भ में हुई महा शांतिधारा: श्री 1008 शांतिनाथ मंदिर जी अभिषेक व शान्तिधारा की



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर।दिगम्बर जैन संत मुनि अनुपम सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में श्री 1008 शांतिनाथ मंदिर में अभिषेक व शांति धारा करने का सोभाग्य तारा चन्द संजय जितेन्द्र कमलेश ठोलिया परिवार हर्षवर्धन पवन शौर्य भगत परिवार अशोक उज्वल पुष्प काला परिवार पारसमल दिनिश शैलेन्द्र मृदुल अजमेरा परिवार सुनील सीमा यश क्षुर्ती राँवका परिवार को करने का सोभाग्य प्राप्त हुआ। इसके बाद नसिया जी मे मान स्तम्भ में घनश्याम दास किरण कल्पेश जैन परिवार श्रीमति सुशीला राजेश निर्मल राँवका परिवार जम्बु कुमार मनीष मोनिका शाश्वत राँवका परिवार श्रीमति भगवती देवी राजकुमार अरुण जम्बू नमन साहित्य कासलीवाल परिवार सुभाष शांतिलाल अनिल अक्षत कटारिया परिवार को शांतिधारा करने का सोभाग्य प्राप्त हुआ। आज दिन में मुनि श्री ने आशीर्वाद प्रवचन दिया। आशीर्वाद तो वही है, जो सहज संत के हृदय से झरने की तरह फूटे और चारों ओर से तुम पर बरस जाए। सहज हाथ सिर पर रख जाए तो आशीर्वाद है, तो मैं कहता हूं कि तुम केवल श्रद्धा से नमन करना और नमन करते जाना। एक दिन ऐसा जरूर आएगा, जब तुम्हें संत के हृदय से फूटा आशीर्वाद मिल जाएगा। श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक काला मंत्री दिनेश अजमेरा ने समाज के सभी मंडलों का आभार व्यक्त किया बहुमान किया। मंच का सफल संचालन कमल कुमार रावका ने किया। श्री दिगम्बर जैन समाज के मीडिया प्रभारी अमित गोधा ने बताया कि मुनि श्री का मंगल विहार आज शाम हो गया। रास्ते मे छावनी मंदिर पार्श्वनाथ मंदिर व आदिनाथ मंदिर के दर्शन करते हुए रात्रि विश्राम अरिहन्त कॉम्प्लेक्स अशोक काला के ऑफिस कमल पैट्रोल पंप के पीछे हुआ। महाराज जी का मंगल विहार अजमेर की तरफ हुआ।

# एक दिवसीय ओपन एवं जयपुर जिला अंडर 7 एवं 9 मे ओपन एवं गर्ल्स कैटेगरी में प्रतियोगिता संपन्न हुई



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में अभिनव चेस क्लब एवं संकल्प इंडिया चेस क्लब द्वारा पोद्दार मैनेजमेंट एवं ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट मानसरोवर में एक दिवसीय ओपन एवं जयपुर जिला अंडर 7 एवं 9 मे ओपन एवं गर्ल्स कैटेगरी में प्रतियोगिता संपन्न हुई। अंडर 7 ओपन में अद्विक शर्मा, निहित चौधरी एवं येह्रांता सिंह जामवाल अंडर 7 गर्ल्स में टीसा ब्यादवाल, श्रेयांशी जैन एंव नायरा गोयल अंडर 9 ओपन में ऋषि चतुवेर्दी, अरनव जैन एवं अरनव गुप्ता अंदर 9 गर्ल्स में अनायरा जोशी, संबोधि गुप्ता एवं दिविषा शर्मा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे प्रथम दो स्थान प्राप्त खिलाड़ी राज्य स्तर प्रतियोगिता में ओपन वर्ग में जयपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। ओपन प्रतियोगिता में अमित भार्गव चैंपियन रहे एवं अनुज चौमाल व आरव नीलकमल गुप्ता द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे प्रतियोगिता में प्रथम 15 स्थान प्राप्त किया खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार प्रदान किए गए इसके अतिरिक्त अंडर 11 में आरुष माथुर , स्नेहा शाह व रूद्र गौतम अंडर 13 में नितिशा अग्रवाल , श्रेष्ठाजैन व अंयास गॉड, अंडर 15 में श्याम बाहेती, निर सावलानी व शौर्य भार्गव प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे 77 वर्षीय बसंत कुमार शर्मा 66 वर्षीय कृपा शंकर शर्मा ने सीनियर सिटीजन कैटेगरी में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चेस पेरेंट्स एसोसिएशन कैटेगरी में वाणी जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं सौम्या जैन, रारा लूथरा ने दित्तीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**-मीडिया प्रभारी जिनेश कुमार जैन**

# डॉक्टर पी सी जैन के राजकीय निवृत्ति पर हुआ प्रसादी का आयोजन

## गणमान्य नागरिको ने माल्यार्पण कर किया उनका सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रमुख समाज सेवी मृदुभाषी डॉक्टर पी सी जैन द्वारा 35 वर्ष के राजकीय सेवा से सेवा निवृत्ति पर खोले के हनुमान जी मंदिर में भव्य प्रसादी का आयोजन किया गया। डॉक्टर पी सी जैन सयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग राजस्थान सरकार में 35वर्षो से निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य को सर्वोपरि मानते हुए सेवा निवृत हुए। उल्लेखनीय है कि डॉक्टर पी सी जैन के नेतृत्व में उनके परिवार द्वारा 10निशुल्क नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर लगाकर लगभग 1200 रोगियों के निशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन करवाए गए हैं तथा रक्तदान शिविर लगाकर 1500यूनिट रक्त मानव सेवार्थ एकत्र किया गया है। उनका समाज के गणमान्य लोगों ने इस अवसर माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया।इस अवसर पर उमराव मल संघी, महेश काला, प्रदीप जैन लाला, विनोद कोटखावदा, राकेश गोदिका, राजेश छाबड़ा, राकेश छाबड़ा, राकेश संघी, दिनेश पारीक, मीना चौधरी, कुंती लाल रावका, सुधीर गंगवाल आदि अनेक गणमान्य समाज जन उपस्थित थे।

# रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ द्वारा डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर्स के सम्मान समारोह का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ द्वारा मंगलम मेडिसिटी हॉस्पिटल शिप्रा पथ मानसरोवर पर डॉक्टर्स के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ के सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा जयपुर के प्रतिष्ठित अपने-अपने क्षेत्र में महारत हासिल किए हुए लगभग 80 डॉक्टर्स को अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष रोटे. अनिल जैन ने कहा कि हमारे डॉक्टर विभिन्न तरह से लोगों को स्वास्थ्य एवं जीवन दान देने का काम करते हैं इसीलिए डॉक्टर को पृथ्वी का भगवान कहा जाता है। क्लब के विशिष्ट आमंत्रित सदस्यों रोटे. डॉ. अर्चना शर्मा, रोटे. नरेश मेहता, रोटे. डॉ. सुनित शाह ने स्वस्थ समाज के निर्माण में डॉक्टर्स की भूमिका पर प्रकाश डाला एवं कोरोना पर विजय हेतु सभी डॉक्टर्स के अतुल्य योगदान का स्मरण किया एवं वैश्विक पटल पर रोटरी क्लब द्वारा किये जा रहे कार्य के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंगलम ग्रुप के डायरेक्टर एन. के. गुप्ता ने इस तरह के भव्य आयोजन के लिए रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया एवं भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम करते रहने के लिए हर तरह का सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# नमिनाथ भगवान का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव उत्साह से मनाया



**रेणु पाटनी. शाबाश इंडिया**

अजमेर।सर्वोदय कालोनी शांतिनाथ जिनालय में सर्वोदय महिला मंडल की सदस्य रेनू पाटनी के द्वारा णमोकार मंत्र का पाठ कराया गया ।अध्यक्ष मधु जैन ने बताया की भगवान की आरती से णमोकार मंत्र शुरू किया गया ।बाद में भगवान के भजन विद्यासागर जी महाराज के दीक्षा दिवस पर आचार्य श्री के भजन गाए गए, भजन प्रस्तुति साधना दनगसिया, अनामिका सुरलाया, अंतिमा गदिया, रेखा बाकलीवाल, शांता पाटनी, गुण माला गंगवाल, वीना पाटोदी, शशि गंगवाल, सुषमा पाटनी ने भजनों की प्रस्तुति दी, ज्योति सेठी ,मधु जैन, अंजु पाटनी ने भक्ति नृत्य किया। बधाई गीत व जिन वाणी स्तुति गाई गयी। अंत में मंजू पाटनी व रेणु पाटनी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# नए सत्र के पहले दिन का शुभारंभ दुर्गापुरा गौशाला में गायों को चारा वितरण से किया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ का नया सत्र आज से प्रारंभ हो गया है। नए सत्र के पहले दिन का शुभारंभ सामाजिक कार्यक्रम के तहत दुगार्पुरा गौशाला में प्रातः 8:30 बजे गाय को हरा चारा खिलाया गया हरा चारा वितरण के साथ-साथ गायों को लड्डू रोटी आदि भी खिलाई गई रोटरी क्लब के अध्यक्ष अनिल जैन ने नए क्षेत्र की शुरूआत गौ सेवा कार्यक्रम से की गई आज के गौ सेवा कार्यक्रम में रोटेरियन गजेंद्र सिंह राठौड़ मनोज कुमावत महेश मंगल मनीष गुप्ता राजेंद्र माया गुप्ता मनीष सुमित्रा अग्रवाल हार्दिक जैन अनीता जैन एवं सुनीता जैन आदि की उपस्थिति में यह पुनीत कार्यक्रम किया गया अंत में सभी मेंबर्स को अध्यक्ष अनिल जैन द्वारा धन्यवाद दिया गया।



# मुनि 108श्री महिमा सागर जी व मुनि 108 समत्व सागर जी ससंघ का हुआ महामिलन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री 1008 श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन पल्लीवाल मदिंर शक्ति नगर गोपालपुरा वाई पास जयपुर में कार्यक्रम सयोजिका- दीपिका कासलीवाल ने बताया कि त्रिवेणी नगर चौराहे के पास मुनि 108श्री महिमा सागर जी व मुनि 108 समत्व सागर जी ससंघ का महामिलन हुआ। सुनीता अजमेरा (शक्ति नगर) ने बताया कि मुनि ससंघ के साथ जुलूस मे शक्ति नगर जैन मदिंर पहुंचे। मदिंर अध्यक्ष शिखर चंद जैन व मंत्री पारस जैन गहनौली, सतीश कुमार, हरीश चंद, प्रकाश चंद सेठी, सोहनलाल छाबड़ा, आलोक अजमेरा, राजेन्द्र कुमार, शक्ति नगर ग्रुप की महिलाओं द्वारा एवं अन्य समाजबधुंओ ने पाद प्रक्षालन कर ससंघ की आरती की। धर्म सभा मे दोनों मुनियों ने प्रवचन दिए इस मोके पर मधुवन कालोनी, क्रीति नगर कालोनी, 10इ स्कीम, त्रिवेणी नगर, मंगल विहार, श्याम नगर, सहित अन्य कालोनियों से आये समाजबधुं इस महा मिलन के साक्षी बने। इसके बाद सभी के लिए शक्ति नगर सकल जैन समाज के द्वारा भोजन की व्यवस्था की गई थी।

# एस बी आई ने लगाया स्थापना दिवस पर मेगा रक्तदान शिविर




**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। भारतीय स्टेट बैंक के स्थापना दिवस पर आज क्षेत्रीय कार्यालय भीलवाड़ा एवं इसके तहत विभिन्न शाखाओं में विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। मानव संसाधन प्रबंधन संदीप जैन ने बताया कि सभी शाखाओं में ग्राहकों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम क्षेत्रीय कार्यालय भीलवाड़ा में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। जिसमे दस्तक संस्था से एडवोकेट कुणाल ओझा ने अपनी टीम के साथ रक्तदान किया। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, एसबीआई कार्ड तथा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के स्टाफ द्वारा 205 रक्त यूनिट संग्रहित किया गया। शिविर में 15 नेत्रदान एवं एक देह दान का संकल्प पत्र भी भर गया। 150 व्यक्तियों की नेत्र जांचकी गई। इस रक्तदान कार्यक्रम को भीलवाड़ा के एडीएम रतन कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमलसिंह तथा नगर परिषद भीलवाड़ा के सभापति राकेश पाठक, भीलवाड़ा टैक्सटाइल उद्योग लघु उद्योग भारती से काबरा, नितिन स्पिनर्स लिमिटेड से मुख्य वित्त अधिकारी पी महेश्वरी, एच आर प्रमुख के एल पारीक, एसबीआई के पूर्व अधिकारी सुभाष हूमड़ उपस्थित थे। इस रक्तदान शिविर में अरिहंत हॉस्पिटल के डॉक्टर नर्सिंग स्टाफ द्वारा रक्त संग्रहण का दायित्व निभाया। मंत्री ज्ञान चंद साखला ने अतिथियों का स्वागत किया,महावीर नवयुवक मंडल ने भी अपना पूरा सहयोग दिया। बैंक के पेंशनर्स एसोसिएशन ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर बैंक के भीलवाड़ा क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश पाटोदी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्टेट बैंक सामाजिक सरोकारों में हमेशा अग्रणी रहा है और इसी प्रक्रिया में आज यह रक्तदान शिविर बड़े स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।















# गौ माता सेवार्थ ग्रुप द्वारा रक्तदान शिविर में एकत्रित हुआ 108 यूनिट रक्त

## दुर्गापुरा गौशाला में लगा रक्तदान शिविर

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

गौ माता सेवार्थ ग्रुप के तत्वावधान में रविवार को राजस्थान गौ सेवा संघ प्रधान कार्यालय दुर्गापुरा गौशाला परिसर में प्रात 8 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।गोशाला अध्यक्ष पवन कुमार जैन ने बताया कि श्री श्याम महात्सव सेवा समिति, जयपुर, सोशल एण्ड ब्लड एड सोसाइटी, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 108 युनिट रक्त एकत्रित हुआ ।मुख्य आयोजक अशोक जैन ने बताया कि इस मौके पर सन्मति ग्रुप के संरक्षक दर्शन जैन राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, राकेश गोदिका, अशोक जैन, गोपी अग्रवाल, भीमराज काकरवाल, कमल अग्रवाल, सतीश गोयल, हनुमान सोनी दिनेश अग्रवाल, नीरज बंसल, शिखर चंद जैन, शैलेंद्र शर्मा, राकेश गट्टानी , राजेंद्र अग्रवाल, राहुल जैन, राजकुमार रोहिल्ला, शेलेंद्र अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल , मनोज सर्राफ, राजेश नाटाणी सहित बडी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। गौ माता सेवार्थ ग्रुप के गोपी अग्रवाल तथा भीमराज काकरवाल ने बताया कि सभी रक्तदाताओ को प्रमाण पत्र एवं एक पौधा उपहार स्वरूप देकर सम्मानित किया गया।श्री श्याम महात्सव सेवा समिति, जयपुर के अध्यक्ष ओम प्रकाश मोदी ने बताया कि इस मौके पर आयोजित निःशुल्क जांच एवं चिकित्सा शिविर का भी लोगो ने लाभ उठाया। सन्मति ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोदिका ने बताया कि इस अवसर पर प्रमुख समाज सेवी सुभाष- मधु अग्रवाल की वैवाहिक वर्षगांठ तथा राहुल जैन के जन्मदिन के उपलक्ष में केक काटकर सेलिब्रेशन भी किया गया।




